Total Pages : 3 Roll No. ......................

# MAHL-103

## आधुनिक एवं समकालीन कविता

M.A. Hindi (MAHL-12/16/17)

First Year, Examination, 2019

**Time : 3 Hours]** **Max. Marks : 80**

**नोट :** यह प्रश्नपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो दो (02) खण्डों क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

### खण्ड-क

### (दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

**नोट :** खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल तीन (03) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (3×15=45)

1. आधुनिकता से आप क्या समझते हैं? आधुनिकता से सम्बन्धित किसी भी एक विचारधारा पर विस्तृत विवेचना कीजिए।

2. छायावादी काव्यधारा में पंत के योगदान को स्पष्ट कीजिए तथा उन्होंने अपने काव्य में 'प्रेम' व नारी सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है, विवेचना कीजिए।

3. महादेवी वर्मा के काव्य में नारी सम्बंधी दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

4. 'राष्ट्रीयता की अवधारणा' से आप क्या समझते हैं? भारतेन्दु की कविताओं में राष्ट्रीय भावना किस प्रकार लक्षित होती है? स्पष्ट कीजिए।

5. प्रयोगवाद से आप क्या समझते हैं? अज्ञेय की 'असाध्यवीणा' पर विस्तृत विवेचना कीजिए।

## खण्ड-ख

## (लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

**नोट :** खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए सात (07) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल पाँच (05) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (5×7=35)

1. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की काव्य प्रवृत्तियों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

2. द्विवेदी युगीन काव्य प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए।

3. प्रसाद रचित 'कामायनी' का भागवत विवेचना कीजिए।

4. 'निराला' के काव्य में राष्ट्रीय चेतना को स्पष्ट कीजिए।

5. 'दिनकर' के काव्य की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

6. "इस पार प्रिय मधु है, तुम हो, उस पार न जाने क्या होगा" इस पंक्ति से बच्चन जी का क्या अभिप्राय है।

7. मुक्तिबोध की काव्य भाषा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

8. शमशेर बहादुर सिंह को 'नयी कविता का प्रथम नागरिक' क्यों कहा जाता है। अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।